पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# योगी सरकार में 'सेवा संकल्प अभियान' को प्रदेशभर में भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारी तेज

## मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय बने उत्तर प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' के प्रभारी

## 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक प्रदेशभर में चलेगा अभियान

## मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार दायित्व तय कर भव्य आयोजन के लिए देंगे निर्देश

लखनऊ : 03 सितम्बर, 2026

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवा पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा प्रदेशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' का व्यापक आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक चलने वाले इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय और महानगरों तक विभिन्न जनसेवा, सामाजिक सरोकार तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

'सेवा संकल्प अभियान' का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के कार्यों से नागरिकों को अवगत कराने के साथ–साथ प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत–2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। योगी सरकार की मंशा है कि अभियान का प्रभाव केवल जिला मुख्यालयों तक सीमित न रहे, बल्कि न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत और शहरों के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचे तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो।

अभियान के प्रमुख कार्यक्रमों में 'आशीर्वाद का दीया', 'करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'घर–घर से राष्ट्र तक रंगोली', 'इनोवेशन चौलेंज' तथा 'जनसेवा महाकुंभ' शामिल हैं।

अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर, 2026 को ग्राम पंचायत स्तर से लेकर शहरों तक 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा।

इसी क्रम में 07 अक्टूबर, 2026 को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के प्रत्येक जिले में यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें नागरिकों को विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का प्रसारण भी किया जाएगा।

‘सेवा मेरा योगदान’ कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा घाटों, पार्कों, गौशालाओं आदि की सफाई एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ‘आरोग्य मेलों’ का आयोजन कर नागरिकों को आवश्यक दवाओं के वितरण के साथ स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

‘नमो सेवा गाथा’ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा इस अवधि में देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलाव की कहानी जन–जन तक पहुंचाई जाएगी। वहीं बच्चों, युवाओं और नवाचार से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने पर भी विशेष जोर रहेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी, सेवा संकल्प अभियान उत्तर प्रदेश, योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा अभियान की तैयारियों को गति देने के लिए शीघ्र ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए जाएंगे तथा कार्यक्रमों के प्रभावी, व्यापक और भव्य आयोजन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे।

योगी सरकार के नेतृत्व में आयोजित होने वाला यह अभियान सेवा, सहभागिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के साथ ‘विकसित भारत–2047’ के संकल्प को प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया जाएगा।

---

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राम यतन/05:35 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in